राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, राजस्थान जयपुर

क्रमांक : प्रशि./एम.–133/जीएनएम/2023/297 दिनांकः 29/12/2023

प्रभारी सर्वर कक्ष
मुख्यालय।

विषय :– जीएनएम प्रशिक्षण सत्र 2023–24 की विस्तृत विज्ञप्ति के **बिन्दु सं. (D) काउन्सलिंग** में निम्नानुसार स्पष्टीकरण व वार्षिक टेंटेटिव कैलेण्डर विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने के सम्बध में।

उपरोक्त विषय में लेख है कि जीएनएम प्रशिक्षण सत्र 2023–24 **काउन्सलिंग** में निम्नानुसार स्पष्टीकरण व वार्षिक टेंटेटिव कैलेण्डर विभाग की बेवसाईट पर अपलोड किया जाना है।

स्पष्टीकरण

काउन्सलिंग की प्रकिया (प्रथम कॉउन्सलिंग)

- जीएनएम सत्र 2023–24 की काउन्सलिंग के लिये राजकीय व निजी प्रशिक्षण संस्थान के ऑपशन पृथक–पृथक लिये जावेगे।
- NTSP क्षेत्र के अभ्यार्थीयों को विकल्प पत्र भरते समय TSP क्षेत्र के संस्थान नहीं दर्शायें जायें परन्तु TSP क्षेत्र के अभ्यार्थीयों को NTSP क्षेत्र के सभी संस्थान दर्शायें जावें।
- सत्र 2023–24 में राजकीय नर्सिंग संस्थानों में अभ्यर्थीयों की सीट आंवटन राज्यस्तर व जिलास्तरीय मेरिट द्वारा दोनों में (राजकीय नर्सिंग संस्थानों व निजी नर्सिंग संस्थानों) अभ्यर्थी की वरियता के अनुसार किया जायेगा, तत्पश्चात् अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार किसी एक संस्थान में 7 कार्यदिवस में ज्वाईन कर सकेगा।
- जिन अभ्यर्थीयों का आवंटन राजकीय व निजी नर्सिंग संस्थानों में (दोनों में) हुआ हे तो उन अभ्यर्थीयों को किसी एक संस्थान में ही अपनी उपस्थिति 7 कार्यदिवस में दर्ज करवानी होगी। ज्वाईन नहीं करने की स्थिति में चयनित दोनों संस्थान की सीट स्वतः ही अगली कॉउन्सलिंग के लिये रिक्त हो जावेगी।

- **प्रथम चरण–**
  1. राज्य के समस्त राजकीय संस्थानों का ऑपशन प्राथमिकता से देना होगा। (दिनांक 29.12.2023 से 03.01.2024 तक)
  2. निजी प्रशिक्षण संस्थान हेतु अधिकतम 10 जिलो की प्राथमिकता से ऑपशन देना होगा। (दिनांक 29.12.2023 से 03.01.2024 तक)

- **द्वितीय चरण –**
  1. इस प्रकिया में राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राज्य स्तरीय व निजी प्रशिक्षण संस्थानों के लिए जिला स्तरीय मेरिट को प्रकाशित किया जावेगा।
  2. अभ्यार्थी को प्रकाशित मेरिट में दर्शायी गई सूचनाओं में सुधार के लिए 3 दिवस तक अपने आवेदन को पोर्टल पर edit option के द्वारा सही कर सकेगा। (दिनांक 04.01.2024 से 06.01.2024 तक)
  3. सुधार की अंतिम तिथि के पश्चात् अंतिम मेरिट प्रकाशित की जावेगी तत्पश्चात् किसी भी स्थिति में सुधार नहीं किया जा सकेगा। (दिनांक 08.01.2024)

- तीसरी चरण –
  1. निजी संस्थानों में आवंटन के लिये चुने गये जिलो के सभी संस्थानों की वरियता के अनुसार ऑपशन लिया जावेगा। (दिनांक 09.01.2024 से 12.01.2024 तक)

  2. अभ्यर्थी को कॉलेज का चयन करते समय चुने गये कॉलेज में उपलब्ध कुल सीट तथा उस सीट पर आंमत्रित आवेदनो की संख्या दर्शाई जावेगी। जिससे की अभ्यर्थीयों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार कॉलेज का चयन करने में सुविधा होगी।

जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी प्रशिक्षण सत्र 2023–24 की प्रथम कॉउन्सलिंग करवाये जाने हेतु निम्नानुसार वार्षिक टेंटेटिव कैलेण्डर प्रस्तावित है :–

Options for Govt. colleges and private colleges district (max. 10 district)	29-12-2023 to 03-01-2024
Form Edit and publishing of Provisional merit list for Govt. colleges (state-wise) and private colleges (district-wise merit)	04-01-2024 to 06-01-2024
Publishing of final merit for Govt. colleges and private colleges district	08-01-2024
Options for private colleges (max. 10 district)	09-01-2024 to 12-01-2024
1st counselling	16-01-2024 to 17-01-2024

अतः उक्त स्पष्टीकरण को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवाये जाने का श्रम करावे।

(डॉ0 वीरेन्द्र कुमार)
उप निदेशक (नर्सिग)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
मुख्यालय

क्रमांक : प्रशि./एम.–133/जीएनएम/2023/297 दिनांकः 29/12/2023

प्रतिलिपि उप प्रबंधक (टेक्नीकल) राज कोम्प इन्फो सर्विस लिमिटेड, योजना भवन, जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

उप निदेशक (नर्सिग)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
मुख्यालय